अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 27 दिसंबर 2021

PAGE NO : 05 TOP

कथक की ताल पर गूंजती रहीं दर्शकों की तालियां

रिद्धिमा में कथक नृत्य की प्रस्तुति देते लखनऊ घराने के कलाकार। *विज्ञप्ति*

एसआरएमएस रिद्धिमा में शास्त्रीय नृत्य के कलाकारों ने बांधा समां

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा के उमंग कार्यक्रम में संगीतमयी शास्त्रीय नृत्य की शाम सजाई गई। लखनऊ घराने के कलाकारों ने अपनी पेशकश से समां बांध दिया। कथक नृत्य की एक-एक ताल पर दर्शकों ने बार बार तालियां बजा कर फनकारों को दाद दी। गुरु शिष्य की जुगलबंदी नृत्य ने मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत रिद्धिमा के विद्यार्थियों ने राग यमन पर आधारित गणपति वंदना पर नृत्य पेश कर की। इसके बाद राग रूपक और शृंगार रस पर आधारित ठुमरी 'निर्तत ढंग' पर विद्यार्थियों ने नृत्य पेश कर खूब तालियां बटोरी। इसके बाद गुरु देव ज्योति नक्सर और रियाश्री चटर्जी ने रूपक ताल पर प्रस्तुति देते हुए दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

मोमिन खां मोमिन की गजल पर भी गुरु और शिष्या ने शानदार प्रस्तुति दी। शिवांगी मिश्रा और शिवाशीष मिश्रा ने गणपति वंदना और गजल पेश की। यहां चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति आदि रहे। संवाद